# छत्तीसगढ़ शासन
## वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ–5–11/2020/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 29/01/2021

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
छ.ग. अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः– आवेदनकर्ता मेसर्स छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी रायपुर द्वारा कांकेर जिले के कांकेर वनमंडल अंतर्गत भारत नेट प्रोजेक्ट Phase-II के तहत भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के गैर वानिकी कार्य हेतु कुल 4.53 हे. वन भूमि के वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत व्यपवर्तन प्रस्ताव।

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/विविध/115–826/14, दिनांक 04.01.2021 ।

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें।

2/– विषयांकित प्रकरण में सामान्य अनुमोदन के तहत् राज्य शासन द्वारा जारी प्रथम चरण स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रेषित कर औपचारिक स्वीकृति जारी किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3/– उक्त स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों के पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) से वचन पत्र प्राप्त कर प्रेषित किया गया है। **यहां यह उल्लेखनीय है कि, विषयांकित प्रकरण मूल रुप से भारत नेट द्वारा संचालित किया जा रहा है जिसके फलस्वरुप प्रथम चरण स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों के पालन का दायित्व नियमानुसार भारत नेट को होगा।**

4/– अतः आदेशानुसार निवेदन है कि कृपया प्रकरण में प्रदायित प्रथम चरण स्वीकृति में विभिन्न शर्तों के पालन का वचन पत्र मूल आवेदक संस्थान, भारत नेट के किसी प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त कर शीघ्र प्रेषित करें, जिसके उपरांत प्रकरण में आगामी आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

(अभिषेक कुमार सिंह)
उप सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृष्ठां.क्रमांक एफ–5–11/2020/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 29/01/2021

प्रतिलिपि :–

1.अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2.मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर छत्तीसगढ़।
3.वनमंडलाधिकारी, कांकेर वनमंडल, छत्तीसगढ़।
4.आवेदनकर्ता, संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), स्टेट डाटा सेंटर बिल्डिंग, सिविल लाईन, रायपुर, छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

उप सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग